(घ) 2207 नावें सरकारी थीं और 1432 किराये पर ली गई थीं। राज्य सरकार के पास किराये की दरों की राशि के पृथक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने यह सूचना दी है कि 1967-68 के दौरान नावों के किराये, उनको खरीदने और उनके रख-रखाव के लिये 11,71,500 रुपये व्यय किये गए थे।

**मेडिकल कालिज में दाखिले के लिए रिहायशी प्रमाण-पत्र**

4233. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री : क्या स्वास्थ्य, परिवार नियोजन एवं नगर विकास** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में श्रीनगर में हुई राष्ट्रीय एकता परिषद की बैठक में यह सुझाव दिया गया था कि एक राज्य के मैडिकल कालिज में दाखिले के लिए उस राज्य के निवासी होने का प्रमाण-पत्र देना आवश्यक नहीं होना चाहिए ;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) इस मसले में अन्तिम निर्णय कब तक किए जाने की सम्भावना है ?

**स्वास्थ्य परिवार नियोजन तथा नगरीय विकास मंत्रालय में उप-मन्त्री (श्री ब० सू० मूर्ति) :** (क) राष्ट्रीय एकता परिषद ने शैक्षिक पक्ष और जन प्रचार समिति का निम्नलिखित सुझाव स्वीकार किया है :—

"एक राज्य की शैक्षिक संस्थाओं में प्रवेश पाने के लिए किसी छात्र से उस राज्य के निवासी होने का प्रमाण-पत्र नहीं मांगा जाना चाहिए। यह नियम सभी राज्यों में यथा शीघ्र लागू कर दिया जाना चाहिए। अपने राज्य के स्कूल बोर्ड, विश्वविद्यालय या कालिज की परीक्षायें उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को प्रवेश देने में प्राथमिकता देने का अधिकार राज्य की शिक्षा संस्थाओं को होगा।"

(ख) और (ग). इस सुझाव पर तथा शिक्षा सम्बन्धी अन्य सुझाव पर सरकार विचार कर रही है। क्योंकि इस मामले में राज्य सरकारों से परामर्श करना होगा। अत: अन्तिम निर्णय कब तक लिया जायेगा, इसकी अवधि बतलाना सम्भव नहीं है।

**राष्ट्रीय नदी योजना**

4234. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री : क्या सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नदियों को विकास तथा उनके संरक्षण से सम्बन्धित काम में सरकार राष्ट्रीय राजपथों की भांति एक राष्ट्रीय नदी योजना बनाने के प्रश्न पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस योजना की रूपरेखा तैयार कर ली गई है ; और

(ग) यह योजना कब तक क्रियांन्वित की जायेगी ?

**सिंचाई तथा विद्युत मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) :** (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता।

**RAIDS ON FIRMS OWNED BY SHRI ARVIND KUMAR KILACHAND**

4235. **SHRI MADHU LIMAYE: Will the Minister of FINANCE be pleased to state :**

(a) whether Government's attention has been drawn to the report in the 'Gujarat Mitra' of Surat of the 12th May, 1968, in which an account of certain raids carried out by the Enforcement Department of his Ministry on the Offices and houses of firms controlled by Shri Arvind Kumar Kilachand, has been published;

(b) whether it is also a fact that documents/foreign currency involving Rs. 4 crores have been seized;